# Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176213

क्रमांकः हि०शि०बो० / पु०वि०शा०(40) / 2025–7534-41 दिनांक– 13-08-2025

## 'अधिसूचना'

अधिसूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दिनांक 13.06.2025 को सम्पन्न हुई 120वीं बोर्ड बैठक की मद संख्या–18(3) व 18(4) के अन्तर्गत समिति ने विचार विमर्श उपरान्त यह निर्णय लिया है।

**मद संख्या–18(3)** के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2021–22 से **NCERT** द्वारा नया पाठयक्रम लागू किया जाने के फलस्वरूप कक्षा छठी, सातवीं, आठवीं, नौवीं व दसवीं क्रमशः के लिये निर्धारित संस्कृत विषय की पाठ्यपुस्तक मणिका (1014) व मणिका अभ्यास (1017) के स्थान पर शेमुशी (1014) को लगाया गया है तथा रूचिरा प्रथमो भागः (612), रूचिरा द्वितीयो भागः (710), रूचिरा तृतीयो भागः (810) व पाठ्यपुस्तक शेमुषी (913) के पाठ्यक्रम में परिवर्तन के कारण पाठ्यक्रम से बाहर हो गई है। इसी प्रकार कक्षा पहली व दूसरी के लिये शैक्षणिक सत्र 2024–25 से **NCERT** का नया पाठयक्रम लागू किया किया गया है जिसके फलस्वरूप Annxure-A पर संलग्न पाठ्यपुस्तकें पाठयक्रम से बाहर हो गई हैं। उपरोक्त वर्णित कक्षाओं की पाठ्य–पुस्तकों के बदलने से पुराने पाठयक्रम की पाठ्यपुस्तकों की कुल कीमत रूपये ₹ 1,53,25,389/- बनती है।

**मद संख्या–18(4)** के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025–26 से **NCERT** द्वारा कक्षा तीसरी का नया पाठयक्रम लागू किया गया है जिसके फलस्वरूप Annxure-B पर संलग्न पाठ्यपुस्तकें पाठयक्रम से बाहर हो गई हैं। उपरोक्त वर्णित कक्षा की पाठ्यपुस्तकों के बदलने से पुराने पाठयक्रम की पाठ्यपुस्तकों की कुल कीमत ₹ 68,25,332/- बनती है। पाठयक्रम से बाहर (Dead Stock) हुई पाठयपुस्तकों की उपरोक्त वर्णित राशि को (Write Off) बट्टे खाते में डालने तथा रद्दी में बेचने का निर्णय लिया है।

**डा० (मेजर) विशाल शर्मा (हि०प्र०से०)**
**सचिव**

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि। दिनांकः– 13-08-2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रेषित हैः–

1. प्रधान सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2
2. निदेशक, स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–1
3. विशेष निजी सचिव/निजी सचिव/निजी सहायक(अध्यक्ष/सचिव) हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।
4. अतिरिक्त सचिव / समस्त उप / सहायक सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।
5. नियन्त्रक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग,हि०प्र० शिमला–5 को उपरोक्त निर्णय को हि०प्र० सरकार के राजपत्रा एवं E-Gazette में प्रकाशित करने हेतु।
6. समस्त अनुभाग अधिकारी/जिला प्रबन्धक, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।
7. प्रभारी, IT Cell को अधिसूचना की प्रति बोर्ड की वैबसाइट में अपलोड़ करने बारे।
8. गार्ड फाईल।

**डा० (मेजर) विशाल शर्मा (हि०प्र०से०)**
**सचिव**

ज्ञानालोक परिसर, धर्मशाला ज़िला काँगड़ा(हि०प्र०)–176213
दूरभाष / Tele: 01892-242....., 242......, 229037
फैक्स / fax: 01892-225419, 222817
Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176213
अणु डाक / e-mail : hpbose2011@gmail.com
Website : hpbose.org

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176213

**Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176213**

Annexure-A

No.HB(39)T.B/5.1/Misc./Vol-II/Part-IV/ 11457-506

दिनांकः– 18/03/2024

## अधिसूचना

अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, बोर्ड अधिनियम, 1968 की धारा 19(3) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कक्षा पहली व दूसरी के लिये एन0सी0ई0आर0टी0 दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप तैयार की गई पाठ्यपुस्तकों को यथावत अपनाने, मुद्रित करने व प्रदेश के विद्यार्थियों को निर्धारित/वितरित करने के आदेश प्रदान करते हैं। नई पाठ्यपुस्तकें शैक्षणिक सत्र 2024–25 से लागू की जायेंगी।

पाठ्यपुस्तकों का ब्यौरा निम्नलिखित है:–

| Discontinued Textbooks | | | Prescribed Textbooks | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Sr. No. | Book Code | Book Name | Sr. No. | Book Code | Book Name |
| | | Class 1st | | | |
| 1 | 101 | Rimjhim Bhag-I | 1 | 101 | Sarangi (Hindi) |
| 2 | 102 | Marigold Book-I | 2 | 102 | Mridang(English) |
| 3 | 104 | Math Magic Book-I | 3 | 104 | Joyful (Mathematics) |
| 4 | 105 | Ganit Ka Jadu Pustak-I | 4 | 105 | Anadmay (Ganit) |
| 5 | 106 | Rain Drops Book-I (Special Series) | | | |
| | | Class 2nd | | | |
| 1 | 201 | Rimjhim Bhag-II | 1 | 201 | Sarangi (Hindi) |
| 2 | 202 | Marigold Book-II | 2 | 202 | Mridang(English) |
| 3 | 204 | Math Magic Book-II | 3 | 204 | Joyful (Mathematics) |
| 4 | 205 | Ganit Ka Jadu-II | 4 | 205 | Anadmay (Ganit) |
| 5 | 206 | Rain Drops Book-II (Special Series) | | | |

कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक पाठ्यक्रम/पाठ्यपुस्तकों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है।

उपरोक्त के अतिरिक्त शैक्षणिक सत्र 2024–25 से कक्षा छठी से बाहरवीं तक के पाठ्यक्रम को NCERT की तर्ज़ पर पुनर्संयोजित (Rationalise) किया गया है। जिसके फलस्वरूप कुछ पाठ्यपुस्तकों से कुछ अध्ययन साम्रगी/अध्याय को हटाया गया हैं। कक्षावार/विषयवार हटाई (Deleted) गई पाठ्य साम्रगी अनुबंध 'अ' पर संलग्न है।

अध्यापकों व विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पुनर्संयोजित पाठ्यक्रमानुसार कक्षावार/विषयवार आदर्श प्रश्न पत्र व अंक विभाजन शीघ्र ही बोर्ड बैवसाईट पर उपलब्ध करवा दिये जाऐंगे।

डॉ0 (मेजर) विशाल शर्मा (हि0प्र0से0)
सचिव

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः

1. सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2।
2. निदेशक, शिक्षा (उच्चतर व प्रारम्भिक), शिक्षा निदेशालय, शिमला–1।
3. निजि सहायक अध्यक्ष/सचिव हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, शिमला, हिमाचल प्रदेश।
5. प्रधानाचार्य, एस0सी0ई0आर0टी0 सोलन, हिमाचल प्रदेश।
6. अतिरिक्त सचिव/उप सचिव/सहायक सचिव, हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
7. अनुभाग अधिकारी पुस्तक वितरण/पुस्तक मुद्रण को आगामी कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।
8. अनुभाग अधिकारी, सामान्य शाखा को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वह उपरोक्त निर्णय को बोर्ड की आगामी बैठक में सपुष्टि हेतु प्रस्तुत करें।

डॉ0 (मेजर) विशाल शर्मा (हि0प्र0से0)
सचिव

ज्ञानालोक परिसर, धर्मशाला जिला काँगड़ा(हि0प्र0)-176213
दूरभाष/Tele: 01892-242129......, 229037
फैक्स/fax: 01892-225419, 222817

Gayanalok Parisar, Dharamshala Distt. Kangra(HP)-176213
आणु डाक/e-mail : hpbose2011@gmail.com

Annexure-B

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला-176213

**Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176213**

No.HB(39)T.B/Agreement&Royalty/Vol-II/2023/17376-17400 दिनांक:– 23/01/24

## "अधिसूचना"

अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, बोर्ड अधिनियम, 1968 की धारा 19(3) में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए कक्षा तीसरी के लिये एन०सी०ई०आर०टी० दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के अनुरूप तैयार की गई पाठ्यपुस्तकों को यथावत्_ अपनाने, मुद्रित करने व प्रदेश के विद्यार्थियों को निर्धारित/वितरित करने के आदेश प्रदान करते हैं।

पाठ्यपुस्तकों का ब्यौरा निम्नलिखित है:–

| Class 3rd | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Discontinued Textbooks | | | Prescribed Textbooks | | |
| Sr. No. | Book Code | Book Name | Sr. No. | Book Code | Book Name |
| 1 | 301 | Rimjhim Bhag-III | 1 | 301 | Veena (Hindi) |
| 2 | 302 | Marigold Book-III | 2 | 302 | Santoor (English) |
| 3 | 303 | Math Magic Book-III | 3 | 303 | Maths Mela (Mathematics) |
| 4 | 304 | Ganit Ka Jadu Pustak-III | 4 | 306 | Our Wondrous World (EVS) |
| 5 | 306 | Looking Around Book-I | | | |
| 6 | 307 | Aaspas Pustak-I | | | |

उपरोक्त के दृष्टिगत_कक्षा तीसरे की पुराने स्टॉक की पाठ्यपुस्तकें प्रदेश के विद्यार्थियों को वितरित नहीं की जा सकती हैं। कक्षा तीसरी की नई पाठ्यपुस्तकें शैक्षणिक सत्र_2025--26 से लागू की जायेंगी।

डॉ० (मेजर) विशाल शर्मा (हि०प्र०से०)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या: यथोपरि।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:

1. सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2।
2. निदेशक, शिक्षा (उच्चतर व प्रारम्भिक), शिक्षा निदेशालय, शिमला--1।
3. निजि सहायक अध्यक्ष/सचिव हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, शिमला, हिमाचल प्रदेश।
5. प्रधानाचार्य, एस०सी०ई०आर०टी० सोलन, हिमाचल प्रदेश।
6. अतिरिक्त सचिव/उप सचिव/सहायक सचिव, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला।
7. अनुभाग अधिकारी पुस्तक वितरण/पुस्तक मुद्रण को आगामी कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।
8. अनुभाग अधिकारी, सामान्य शाखा को इस आश्य के साथ प्रेषित है कि वह उपरोक्त निर्णय को बोर्ड की आगामी बैठक में सपुष्टि हेतु प्रस्तुत करें।

डॉ० (मेजर) विशाल शर्मा (हि०प्र०से०)
सचिव